संपादकीय

# जब ब्रिटेन में यह हाल

**गिग कर्मी हमेशा अपने काम से संबंधित असुरक्षा और अन्य चिंताओं से ग्रस्त रहते हैं। जिस महंगाई आसमान पर है, इस समूह के कर्मचारी खास तौर पर बेहद कमजोर स्थिति में पहुंच गए हैं।**

**ब्रिटेन में गिग वर्करों पर हुए एक अध्ययन से अर्थव्यवस्था के इस क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों की जैसी दुर्दशा सामने आई है, उससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत में इन वर्करों का क्या हाल होगा। इसलिए इसमें कोई हैरत नहीं है कि ब्लिंकिट कंपनी के कर्मियों को हाल में संघर्ष पर उतरना पड़ा था या कुछ समय पहले गुड़गांव में अर्बन कंपनी की महिला कर्मियों को मोर्चाबंदी करनी पड़ी थी। ताजा अध्ययन रिपोर्ट के निष्कर्षों पर गौर कीजिए: ब्रिटेन में आधे से ज्यादा गिग वर्कर न्यूनतम मजदूरी से कम मेहताने पर काम कर रहे हैं। उनके कामकाज के घंटे इतने अधिक हैं कि उन्हें अपनी निजी सुरक्षा खतरे में पड़ी मालूम पड़ती है। गुजरे वर्षों के दौरान दुनिया भर गिग वर्क का नया चलन आया है। इन कर्मियों में खाना डिलवरी या अन्य होम डिलिवरी करने वाले कर्मी, ऐप से चलने वाली कंपनियों के तहत टैक्सी चलाने वाले ड्राइवर, डेटा एंट्री कर्मी आदि शामिल हैं। जिन कंपनियों के लिए ये लोग काम करते हैं, वे उन्हें कर्मचारी का दर्जा नहीं देतीं। बल्कि इन्हें पार्टनर या सेल्फ इम्पलॉयड बताती हैं।**

**ब्रिटेन में यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टॉल के अध्ययन के दौरान गिग वर्करों से अपनी कमाई और कामकाज की स्थितियों के बारे में बताया। उनमें से 52 प्रतिशत ने जो आमदनी बताई, वह ब्रिटेन में तय न्यूनतम वेतन से कम है। ब्रिटेन में न्यूनतम वेतन 9.50 पाउंड प्रति घंटे है। जबकि इन कर्मियों की औसत प्रति घंटे आमदनी 8.97 पाउंड ही है। लगभग तीन चौथाई कर्मियों ने कहा कि वे अपने काम से संबंधित असुरक्षा और अन्य चिंताओं से ग्रस्त रहते हैं। जिस समय भोजन, ईंधन और मकान का खर्च बढ़ता जा रहा है, इस समूह के कर्मचारी खास तौर पर कमजोर स्थिति में पहुंच गए हैं। तो जाहिर है कि ऐसे कर्मियों को सबसे पहले वेतनभोगी कर्मचारी का दर्जा देने की जरूरत है। इसके साथ ही न्यूनतम वेतन की गारंटी करने, अवकाश और बीमारी के दौरान छुट्टी आदि की व्यवस्था जरूरी है। उन्हें अनुचित ढंग से जब चाहे काम से हटा देने के जारी चलन पर रोक लगनी चाहिए। ऐसा दुनिया में हर जगह होना चाहिए।**

# एमेजॉन भारत में करेगी 12.7 अरब डॉलर का निवेश, रोजगार के बनेंगे बंपर मौके

**नई दिल्ली।** एमेजॉन की एमेजॉन वेब सर्विसेज ने आज भारत में 1270 करोड़ डॉलर (1.05 लाख करोड़ रुपये) निवेश करने का ऐलान किया है, क्योंकि यह देश में क्लाउड सर्विस के लिए ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने सक्षम है। एमेजॉन की क्लाउड कंप्यूटिंग यूनिट अमेजन वेब सर्विस का कहना है कि भारत में डेटा सेंटर के बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश से भारतीय कारोबार में हर साल औसतन 1,31,700 लोगों को रोजगार मिलेगा। भारत में निर्माण, सुविधा रखरखाव, इंजीनियरिंग, दूरसंचार और अन्य नौकरियों सहित डेटा सेंटर सप्लाई चेन का हिस्सा बनेंगे।




एमेजॉन ने कहा कि उसकी भारत में क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर में 1,05,600 करोड़ रुपए (12.7 अरब डॉलर) का निवेश करने की योजना है और देश में इसकी लांग टर्म कमिटमेंट 2030 तक 1,36,500 करोड़ रुपए (16.4 अरब अमेरिकी डॉलर) तक पहुंच जाएगी। इस निवेश से 2030 तक भारत के कुल जीडीपी में 1,94,700 करोड़ रुपये (23.3 अरब डॉलर) का योगदान होने का अनुमान है।

अमेजन वेब सर्विस के मुताबिक, भारत में इसके निवेश का वर्कफोर्स डेवलपमेंट, ट्रेनिंग और स्किल अपॉर्च्युनिटी, कम्युनिटी इंगेजमेंट और स्थिरता पहल जैसे क्षेत्रों में लोकल इकोनॉमी पर प्रभाव पड़ता है। कंपनी के भारत में दो डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर हैं – एशिया पैसिफिक (मुंबई) सेक्टर, 2016 में लॉन्च किया गया और एशिया पैसिफिक (हैदराबाद) सेक्टर, नवंबर 2022 में लॉन्च किया गया।

दो एडब्ल्यूएस सेक्टर को भारतीय ग्राहकों को अधिक उपलब्धता के साथ वर्कलोड चलाने के लिए कई विकल्प प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, भारत में सुरक्षित रूप से डेटा स्टोर करें, और कम देरी वाले अंतिम यूजर्स की सेवा करें। ्रड्ङखस् ने 2016 और 2022 के बीच ्रड्ङखस् एशिया पैसिफिक (मुंबई) क्षेत्र में 30,900 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया है। इसमें उस क्षेत्र में डेटा केंद्रों के निर्माण, रखरखाव और संचालन से जुड़े पूंजीगत और परिचालन खर्च दोनों शामिल हैं।

सेन्ट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के मुताबिक, देश की मोदी सरकार डिजिटल इंडिया के तहत भारत में क्लाउड और डेटा केंद्रों के विस्तार को चला रही है। नया निवेश भारत की डिजिटल इकोनॉमी को मोटिवेट करेगा। क्लाउड के इनोवेशन, स्थिरता और विकास को उत्प्रेरित करने के लिए क्लाउड और डेटा सेंटर पॉलिसी पर भी काम कर रहा है।

कंपनी ने एक सर्वे में पाया कि भारत में उसके लाखों ग्राहक लागत बचत, इनोवेशनमें तेजी लाने और बाजार में गति बढ़ाने के लिए एडब्ल्यूएस पर अपना वर्कलोड चलाते हैं। इसमें इलेक्ट्रॉनिक और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी मंत्रालय जैसी सरकारी संस्थाएं, आरोग्यश्री हेल्थ केयर ट्रस्ट जैसे सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान, अशोक लेलैंड, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी लाइफ और टाइटन जैसे बड़े भारतीय उद्यम, हैवमोर, क्यूब जैसे छोटे और मध्यम व्यवसाय शामिल हैं।

# एयर इंडिया की दिल्ली-सिडनी फ्लाइट में अचानक लगे तेज झटके, यात्रियों में हड़कंप; कई घायल



**नई दिल्ली।** दिल्ली से सिडनी जा रहे एयर इंडिया के एक विमान में अचानक तेज झटके लगने लगे, इसके कारण यात्रियों को चोटें आई हैं। राहत की बात यह रही कि घायल यात्रियों में से किसी को भी अस्पताल में भर्ती होने की जरुरत नहीं पड़ी। उन सभी को सिडनी एयरपोर्ट पर उतरने पर तत्काल चिकित्सा सुविधा मिली।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना मंगलवार को हुई, जब विमान एएआई-302 अचानक खराब मौसम के चलते प्रभावित हुआ। अशांति के चलते कई यात्रियों को खरोंच और मोच सहित मामूली चोटें आईं।

डीजीसीए के अधिकारियों के अनुसार, केबिन क्रू के सदस्यों ने स्थिति पर तुरंत काबू पाया, घायल यात्रियों का इलाज किया गया और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की गई। अधिकारियों ने कहा, जरूरतमंद लोगों को प्राथमिक चिकित्सा सहित बुनियादी चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। किसी भी यात्री को सिडनी में उतरने पर अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं थी।

## एसबीआई फंड्स को एचडीएफसी बैंक में 9.99 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करने की अनुमति

**चेन्नई।** केंद्रीय बैंक आरबीआई ने एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड को 15 नवंबर तक एचडीएफसी बैंक लिमिटेड में 9.99 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की अनुमति दी है।

एक नियामक फाइलिंग में एचडीएफसी बैंक ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट को 9.99 प्रतिशत तक चुकता शेयर पूंजी या बैंक के मतदान अधिकार प्राप्त करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है।

आरबीआई ने एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट द्वारा किए गए एक आवेदन पर अपनी मंजूरी दे दी है और छह महीने के भीतर, यानी 15 नवंबर तक हिस्सेदारी हासिल करने की सलाह दी है। एचडीएफसी बैंक ने कहा कि एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट को यह सुनिश्चित करना है कि बैंक में कुल होल्डिंग हर समय बैंक के पेड-अप शेयर कैपिटल या वोटिंग राइट्स के 10 फीसदी से कम रहे।

## तीन वर्षों में 50 करोड़ हो जाएगी जियो के ग्राहकों की संख्या : बर्नस्टीन

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो के ग्राहकों की संख्या 2026 तक 50 करोड़ होने की उम्मीद है। यह अनुमान ब्रोकरेज हाउस बर्नस्टीन ने एक रिपोर्ट में लगाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान रिलायंस जियो न केवल 50 करोड़ ग्राहकों के जादुई आंकड़े को छू लेगा। वर्ष 2026 तक उसकी बाजार हिस्सेदारी भी बढक़र करीब 48 प्रतिशत और कुल राजस्व में हिस्सेदारी करीब 47 प्रतिशत रहने की संभावना है।




रिलायंस जियो की ओर से बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार उसके मौजूदा ग्राहकों की संख्या 43 करोड़ 30 लाख है और 50 करोड़ तक पहुंचने के लिए रिलायंस जियो को अगले तीन वर्षों में लगभग छह करोड़ 70 लाख नए ग्राहक जोडऩे होंगे।

बर्नस्टीन की रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि फिलहाल मोबाइल टैरिफ में कोई खास बढ़ोतरी देखने को नहीं मिलेगी। वर्ष 2016 में जियो बाजार में उतरा था, उसके बाद से मोबाइल सेवा की दरों में तेज गिरावट देखने को मिली । कंपनियों के बीच मूल्य प्रतिस्पर्धा के कारण मोबाइल सेवा प्लान 95 प्रतिशत तक सस्ते हो गए। रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 तक जियो का उसके प्रत्येक उपयोगकर्ता से औसत मासिक राजस्व (आरपीयू) करीब 225 रुपये तक पहुंच जाएगा। बर्नस्टीन का अनुमान है कि 5जी से जियो के लिए राजस्व के नए रास्ते खुलेंगे और इसी वजह से आरपीयू में बढ़ोतरी होगी।

बर्नस्टीन की रिपोर्ट में वोडाफोन-आइडिया के लिए अच्छी खबर नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2025-26 तक वोडा आइडिया की बाजार हिस्सेदारी पांच फीसदी लुढक़ कर 17 प्रतिशत तक रह जाएगी और राजस्व में हिस्सा घट कर 13 प्रतिशत रह जाएगा। इस दौरान भारती एयरटेल की बाजार हिस्सेदारी में एक प्रतिशत बढ़ोतरी होने का अनुमान है। रिपोर्ट के अनुसार वोडा-आइडिया के नुकसान का अधिकांश सीधा लाभ रिलायंस जियो को मिलेगा।

# रोमांचक मुकाबले में दिल्ली ने पंजाब को 15 रनों से हराया

**धर्मशाला।** आईपीएल 2023 में प्लेऑफ की दौड़ से सबसे पहले दिल्ली कैपिटल्स ही बाहर हुई थी। अब आखिरी दो मुकाबले डेविड वॉर्नर की टीम के लिए सम्मान बचाने की चुनौती भर थी। धर्मशाला में खेले मुकाबले में दिल्ली ने पंजाब किंग्स को हरा दिया। इस हार के साथ ही क्कक्च्यस् के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें भी धाराशायी हो गई हैं। इस मैच के नतीजे के बाद अब प्लेऑफ की जंग रोमांचक होती दिख रही है। आरसीबी और मुंबई इंडियंस दोनों के पास 16 प्वाइंट्स तक पहुंचने का मौका है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने 2 विकेट के नुकसान पर 213 रन बनाए थे। अपने कमबैक मैच में पृथ्वी शॉ ने शानदार 54 रन बनाए। राइली रूसो नाबाद रहे और उन्होंने 37 गेंदों में 82 रन ठोक डाले। डेविड वॉर्नर ने भी 46 रनों की पारी खेली और दिल्ली ने जीत के लिए अच्छा टारगेट सेट किया था। पंजाब के लिए दोनों विकेट सैम करन ने लिए।

पंजाब किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और कप्तान शिखर धवन बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। इसके बाद ओपनर प्रभासिमरन सिंह भी सिर्फ 22 रन ही बना सके। हालांकि लियाम लिविंगस्टोन और अथर्व ताइडे ने मोर्चा संभाला और दिल्ली के गेंदबाजों की खूब धुनाई की। 55 के निजी स्कोर पर अथर्व को रिटायर हर्ट होना पड़ा। एक छोर से गिरते विकेट के बीच लिविंगस्टोन डटे रहे और पंजाब की जीत की उम्मीदों को बनाए रखा। जितेश शर्मा इस मुकाबले में कुछ खास नहीं कर पाए और बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए।

बरार ने चार ओवर में 30 रन देकर चार विकेट चटकाए। फॉर्म में चल रहे साल्ट (17 गेंद में 21 रन) उनका पहला शिकार बने। खलील अहमद की जगह उतरे इंपैक्ट खिलाड़ी मनीष पांडे खाता भी नहीं खोल सके और बरार का चौथा शिकार रहे । राहुल चाहर ने मिशेल मार्श (तीन) और अक्षर पटेल (एक) को पवेलियन भेजा। नाथन एलिस को भी दो विकेट मिले। वॉर्नर ने दिल्ली के लिए सर्वाधिक 50 रन बनाये और 23 गेंद की पारी में दस चौके तथा एक छक्का लगाया। उन्होंने आते ही रिषि धवन को पहली दो गेंदों पर दो चौके जडक़र इरादे जाहिर कर दिये थे लेकिन दूसरे छोर से उन्हें मदद नहीं मिली।

## आईपीएल 2023 : गिल के शतक ने गुजरात टाइटंस को एसआरएच पर 34 रन से दिलाई जीत

अहमदाबाद 18 मई,। यहां के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2023 के मैच में शुभमन गिल के पहले शतक के बाद मोहम्मद शमी और मोहित शर्मा के चार-चार विकेट की मदद से गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 34 रन से हराकर प्लेऑफ में जगह बनाई। टाइटंस इस सीजन में प्लेऑफ के लिए चलीफाई करने वाली पहली टीम बन गई है और एक मैच में जाने के साथ ही अपनी किटी में 18 अंकों के साथ इसके शीर्ष-दो में रहने के आसार हैं, सनराइजर्स को आधिकारिक तौर पर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया है।

गिल (58 रन पर 101 रन) और बी. साई सुदर्शन (36 रन पर 47 रन) ने 147 रन की साझेदारी के साथ एक बड़े टोटल की नींव रखी, जिसके बाद जीटी ने पहली पारी के अंतिम चरण में बल्ले से गति खो दी। डेथ ओवरों में 188/9 पोस्ट करने के लिए सात विकेट के नुकसान पर सिर्फ 41 रन आए।

शमी (4-21) ने इसके बाद एसआरएच के शीर्ष क्रम को तोड़ दिया और मोहित (4-24) ने मध्य क्रम में छलांग लगा दी, क्योंकि मेजबान टीम ने एसआरएच को 154/9 तक सीमित करने के लिए हेनरिक क्लासेन (44 रन पर 64) के संघर्षपूर्ण प्रयास को मात दी। प्लेऑफ के लिए चलिफाई करने वाली यह पहली टीम बनी।

189 रनों का पीछा करते हुए सनराइजर्स को पावर-प्ले में मोहम्मद शमी की ट्रिपल स्ट्राइक ने जल्दी झटका दिया और सनराइजर्स को 29/4 कर दिया। उन्होंने पहले ओवर में ओपनर अनमोलप्रीत सिंह को आउट किया। अगले ओवर में यश दयाल ने अभिषेक शर्मा को 4 रन पर आउट कर दिया।

शमी ने तीसरे ओवर में फिर से राहुल त्रिपाठी को आउट किया और पांचवें ओवर में कप्तान एडेन मार्कराम का बड़ा विकेट हासिल किया और ओवर की आखिरी गेंद पर संवीर सिंह ने उन्हें अधिकतम स्कोर पर आउट कर दिया।

## आज का राशिफल

***मेष :*** गणेशजी कहते हैं कि व्यस्तता में अपने प्रिय को न भूलें क्योंकि यह समय रोमांस के लिए उपयुक्त है और आप अपने प्यार के साथ घनिष्ठता और जुड़ाव महसूस करेंगे। अपने पुराने संबंधों को भूलकर भविष्य की ओर बढ़ें।

***वृषभ :*** गणेशजी कहते हैं कि समय न दे पाने के कारण आपकी लव लाइफ नीरस हो सकती है। रोमांस के फूलों में फिर से खुशबु भरने के लिए अपने साथी के लिए प्रेम पत्र लिखना एक अच्छा विचार है।

***मिथुन :*** गणेशजी कहते हैं कि जीवन को कैसे जीना है इस बात को आप अच्छे से जानते हैं। किसी करीबी मित्र के साथ मस्ती और शॉपिंग आज आपकी प्राथमिकता रहेगी, लेकिन धन सोच समझ कर खर्च करें।

***कर्क :*** गणेशजी कहते हैं कि जीवन को रोमांचक और उत्साहित बनाने के लिए अपने साथी के साथ छुट्टियों पर जाएँ और अपने प्रेम का प्रदर्शन करें। मोहब्बत को जीवंत बनाये रखने के लिए आपके प्रयास ज़रूरी हैं।

***सिंह :*** गणेशजी कहते हैं कि आपके सितारे बता रहे हैं कि आपका लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप आपके लिए ईश्वरीय प्रेम जैसा है, जिसमें आप पूरा आनंद ले रहे हैं। इस खेल को रोमांचकारी और रोमांचक बनाने के लिए अपनी कूटनीति और बुद्धिमत्ता का उपयोग करें।

***कन्या :*** गणेशजी कहते हैं कि आपको अपने निवास स्थान यानी गृह स्थान पर शांति और मन की शांति मिलती है। आपकी साथी आपकी सबसे अच्छी दोस्त है जिसके साथ बिताया गया समय आपके लिए यादगार और खास होता है।

***तुला :*** गणेशजी कहते हैं कि आपकी लव कार दोनों की समझदारी और समझ के कारण बिना ब्रेक के चल रही है। इसे याद रखने का कोई मौका गंवाए बिना अपने जोखिम पर लाड़ प्यार करते रहें।

***वृश्चिक :*** गणेशजी कहते हैं कि आपके विचार सबसे अलग हैं लेकिन आपके शब्द लोगों को आहत कर सकते हैं। सोच-समझकर बात करना और अपने जीवनसाथी को समझना आपके जीवन में निखार लाएगा।

***धनु :*** गणेशजी कहते हैं कि रूप कभी-कभी वह कर देता है जो शब्द नहीं कर पाते। नए रिश्ते में कोई भी पहल करने से न हिचकिचाएं, चाहे वह प्यार का इजहार हो या आत्मीयता। दूसरों के बारे में सोचें लेकिन पहले अपना ख्याल रखें।

***मकर :*** गणेशजी कहते हैं कि किसी खास से अलगाव की आशंका के कारण आप अभी अकेलापन महसूस कर रहे हैं, जिसका असर आपकी सेहत पर पड़ सकता है।

***कुंभ :*** गणेशजी कहते हैं कि जीवन के इस चरण में भाग्य आपके साथ है, जिससे आपको हर काम में सफलता मिलेगी और आपके मित्र और बड़े भाई-बहन आपकी पूरी मदद करेंगे।

***मीन :*** गणेशजी कहते हैं कि रोमांस में दिक्कतें आपके काम और निजी जीवन को प्रभावित करेंगी। इससे आप सामाजिक दायरे से कट जाएंगे। अपने परिवार या दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं, इससे आप बेहतर महसूस करेंगे। खुद को शांत रखें क्योंकि प्यार में नोकझोंक से प्यार और भी गहरा हो जाता है।

## अरहर की दाल बनाने का क्या है सही तरीका, कूकर में कितनी सीटी लगानी चाहिए



अरहर की दाल और चावल का स्वाद हर किसी को पसंद होता है. दाल हर घर में बनाई जाती है. यह जितना स्वादिष्ट होता है, उतना ही सेहतमंद...हर कोई अपनी-अपनी तरह से अरहर का दाल बनाता है. यही कारण है कि हर घर में अरहर की दाल का टेस्ट अलग-अलग होता है. अरहर की दाल 10 मिनट में बनकर तैयार हो जाती है. अगर इसे परफेक्ट बनाना है तो कुछ उपाय अपनाने चाहिए. फिर आपकी दाल खाकर हर कोई उंगलियां चाटता रहेगा. चलिए जानते हैं अरहर की दाल बनाने की परफेक्ट रेसिपी ...

### स्वादिष्ट अरहर दाल बनाने का तरीका

1. कई महिलाएं अरहर की दाल पानी में बिना भिगोए ही पकाती हैं. जब भी अरहर की दाल पकाएं, उसे 20 मिनट तक पानी में भिगोकर रखें. ऐसा करने से दाल फूल जाती है. दाल को पानी में भिगोने से पहले 2-3 बार अच्छी तरह धोना चाहिए. कुछ देर बाद दाल फूलकर डबल हो जाती है.

2. अब कुकर में दाल से थोड़ा ज्यादा पानी डालकर उसे उबाल लें. इसके बाद दाल कुकर में डाल दें और हल्दी और नमक डालें. कई महिलाएं कुकर में दाल के साथ लहसुन और टमाटर भी डालती हैं लेकिन ऐसा करने से दाल का स्वाद कहीं गायब हो जाता है. इसलिए ये सभी सामान बाद में डालें.

3. पहले से ही फूली दाल पकने में ज्यादा समय नहीं लेता है. 1-2 सीटी आने के बाद आंच को बंद कर दें. दाल हमेशा धीमी आंच पर ही पकाएं. जब सीटी पूरी तरह बजना बंद हो जाए तब ही कुकर खोलें. अब दाल मथनी से धीरे-धीरे मैश करें.

4. मैश से पता चलता है कि दाल कितनी गाढ़ी है. ज्यादा गाढ़ी दाल में पानी डालकर उसे पतला करने के लिए दोबारा से धीमा आंच पर करीब 2 मिट तक पकाएं. ऐसा करते वक्त कुकर की लिड न लगाएं.

5. बहुत सी महिलाएं दाल पकाने से पहले ही तडक़ा लगा देती हैं, यह सही तरीका नहीं है. दाल पकाने के बाद तडक़ा लगाना उसके स्वाद को बढ़ा देता है. तडक़ा लगाने के लिए पैन में घी लें और उसे गर्म करें. इसके बाद उसमें हींग और जीरा डालकर तडक़ा लगाएं. दाल सर्व करने के लिए तैयार है.

### दाल को और टेस्टी बनाने क्या करें

अरहर दाल में तडक़ा लगाते समय करी पत्ता डालें.

हरी धनिया पत्ती और हरी मिर्च से दाल को गार्निश करके उसके स्वाद को और भी बढ़ा सकती हैं.

प्याज, लहसुन और टमाटर से अरहर की दाल फ्राई करना उसे स्वादिष्ट बनाना होता है.

## वनवे में जैकलीन व जायद खान के साथ नजर आएंगी चाहत खन्ना



एक वक्त था जब हिन्दी फिल्म उद्योग में रामसे ब्रदर्स के नाम का डंका बजता था। रामसे ब्रदर्स की हॉरर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर होती थी। उन्होंने कई फिल्मों का निर्माण किया। लम्बे समय से रामसे ब्रदर्स के नाम से कोई फिल्म बाजार में नहीं आई है। लेकिन अब इस परिवार के फिल्म निर्माता श्याम रामसे की बेटी साशा रामसे बतौर निर्देशक सामने आ रही हैं। इन दिनों वे फिल्म वन वे का निर्देशन कर रही हैं, जिसके जरिये संजय खान के बेटे अभिनेता जायद खान बॉलीवुड में वापसी करने जा रहे हैं। इस फिल्म में जैकलीन फर्नांडिस भी मुख्य भूमिका में हैं और एकता कपूर के सोप ओपेरा बड़े अच्छे लगते में दिखाई दी चाहत खन्ना भी नजर आएंगी।

बड़े अच्छे लगते हैं की एक्ट्रेस चाहत खन्ना ने जैकलीन फर्नाडीस अभिनीत फिल्म वन वे का हिस्सा बनने के लिए अपनी खुशी साझा की। उन्होंने कहा कि वह विभिन्न अवसरों की खोज करने और चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं निभाने के लिए उत्सुक हैं।

## शब्द सामर्थ्य- 68

**बाएं से दाएं**
1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**
1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 67 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | | स | र | ग | म | |
| त्री | | सी | | | क्षा | | धु | र्रा |
| | सा | ह | स | | | | र | |
| स्वा | ग | त | | स | म | झौ | ता | |
| व | र | | | र | | | | म |
| लं | | वि | ला | स | | | दा | म |
| बी | न | | ज | | सा | मा | न | ता |
| | ज | | वा | हि | या | त | | |
| त | र | की | ब | | ना | | खा | ली |

## सू-दोकू- 68

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.67 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |